एक बार माँ आ जाओ फिर आके चली जाना

एक बार माँ आ जाओ फिर आके चली जाना,
मुझे दरस दिखा जाओ दिखला के चली जाना....

तुझको मेरे गीतों का संगीत बुलाए माँ,
कुछ मेरी भी सुन जाओ कुछ अपनी सुना जाना,
एक बार माँ आ जाओ...

क्या मेरी तड़प का माँ एहसास नहीं तुमको,
किस बात पे रूठी हो इतना तो बता जाना,
एक बार माँ....

अँखियाँ मेरी रोती हैं अब धीर बंधा जाओ,
मँझधार में हैं नैया हो इसे पार लगा जाओ ,
एक बार माँ...

तेरे द्वारा आए हैं ख़ाली नहीं जाऊँगी ,
ख़ाली है मेरी झोली इसे भर के चली जाना ,
एक बार माँ.....

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/27436/title/ek-baar-maa-aa-jao-phir-aake-chali-jana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |